प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
15.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

हिमाचल दिवस

हिमाचल दिवस का राज्यस्तरीय समारोह आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल सुबह 11 बजे ध्वजारोहण के साथ करेंगे। आज ही के दिन 15 अप्रैल 1948 को इस पहाड़ी क्षेत्र की 30 छोटी बड़ी रियासतों को मिलाकर हिमाचल प्रदेश राज्य अस्तित्व में आया था। जिसके बाद एक जुलाई 1956 को केंद्र शासित प्रदेश बना और 25 जनवरी 1971 को हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया। राज्यस्तरीय समारोह में पुलिस, होमगार्ड, एन.सी.सी, एन.एस.एस. सहित कुल 14 टुकड़ियां परेड में शामिल होगी। पुलिस और होमगार्ड बैंड सहित प्रदेशभर के दल इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगे। आदर्श आचार संहिता के चलते इस बार दूसरे राज्य की टुकड़ियां व सांस्कृतिक दल कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेंगे। पुलिस प्रशासन की ओर से कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

बधाई

77वें हिमाचल दिवस के मौके पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल एवं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। हिमाचल दिवस की पूर्व संध्या पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि 76 वर्षों में इस पहाड़ी प्रदेश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं, और अन्य राज्यों के लिए विकास का आदर्श बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि इस वीर भूमि के विकास के इस सफर में यहां के ईमानदार, कर्मठ और प्रगतिशील लोगों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राज्यपाल ने कहा कि प्रकृति ने राज्य को हरित आवरण के रूप में भरपूर सौंदर्य और स्वच्छ पर्यावरण प्रदान किया है। पर्यावरण संरक्षण और विशिष्ट सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित और संरक्षित रखने के लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की बुराई से बचाना होगा। साथ ही किसानों और बागवानों को जहर मुफ्त खेती की और मोड़ना होगा।

नवरात्र

चैत्र नवरात्र के सातवें दिन आज माँ के कालरात्रि स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। सदैव शुभ फल देने वाली देवी के इस रूप को शुभांकरी भी कहा जाता है। माँ कालरात्रि दुष्टों का विनाश और ग्रह बाधाओं को दूर करने वाली है। जिससे साधक भय मुक्त हो जाता है। इस मौके पर प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित माँ के अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है और भजन कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

मौसम

प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान किन्नौर, लाहौल स्पीति, शिमला, कुल्लू, चम्बा और कांगड़ा के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी तो मध्यम और निचले कई क्षेत्रों में अंधड़ के साथ जमकर बारिश हुई है। मध्य अप्रैल में हुई इस बारिश से तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई है।

लाहौल स्पिति से हमारे संवाददाता कुंदन लाल के अनुसार ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लगातार बर्फबारी जारी है, जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश होने से घाटी में बिजाई का कार्य बाधित हुआ है। इस बर्फबारी के कारण मनाली लेह सड़क सहित ग्राम्फु काजा समदो सड़क से बर्फ हटाने का कार्य भी प्रभावित हुआ है। बी.आर.ओ ने मनाली बारालाचा सरचू सड़क को आज खोलने का लक्ष्य रखा था लेकिन बर्फबारी के कारण यह लक्ष्य पूरा नहीं हुआ। मौसम विभाग ने आज भी भारी बारिश, अंधड़ और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 18 से 20 अप्रैल तक फिर से बारिश और बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को प्रमुखता दी हैं।

दैनिक जागरण ने सुर्खी दी है–युवाओं को नशे की गिरफ्त में होने से राज्यपाल शुक्ल चिंतित–हिमाचल दिवस की पूर्वसंध्या पर संदेश में कहा इससे होता है कष्ट।

पंजाब केसरी का शीर्षक है–10 से 14 मई के बीच भाजपा प्रत्याशी दाखिल करेंगे नामांकन। इसी पत्र की एक अन्य ख़बर है–चुनाव प्रत्याशी पर कांग्रेस में नहीं बन पा रहा एकमत। हिमाचल दस्तक लिखता है–हमीरपुर, कांगड़ा को लेकर हाईकमान गंभीर।

दिव्य हिमाचल की एक ख़बर है–परवाणु की फैक्टरी में भीषण आग, 12 करोड़ खाक।

अमर उजाला की सुर्खी है–औद्योगिक क्षेत्र परवाणू में फैला डायरिया, 250 लोग पीड़ित ।

धर्मशाला में आईपीएल मैचों की ऑनलाइन विंडो 15 से खुलेगी–दैनिक भास्कर की एक खबर है।

मौसम से जुड़ी ख़बर पर पंजाब केसरी की सुर्खी है– रोहतांग सहित चोटियों पर हिमपात, कई इलाकों में बरसे मेघ। दैनिक भास्कर का शीर्षक है–हिमाचल में बर्फबारी–बारिश से पारा 7 डिग्री तक गिरा, आज भी ऑरेंज अलर्ट।

दैनिक भास्कर का कहना है–हमीरपुर से वृंदावन जा रही बस पहाड़ी से टकराई, 35 यात्री घायल, 8 की हालत गंभीर।

———————————